Roll No. : ....

Total No. of Questions : **11**] [Total No. of Printed Pages : **3**

A–149

B.A. (Part–I) N.C. Examination, 2022

HINDI LITERATURE

Paper – II

(कथा साहित्य)

Time : 3 Hours] [*Maximum Marks : **100***

खण्ड–अ **(अंक : 2 × 10 = 20)**

नोट :– सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

खण्ड–ब **(अंक : 8 × 5 = 40)**

नोट :– किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

खण्ड–स **(अंक : 20 × 2 = 40)**

नोट :– चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।

खण्ड–अ

1. सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर सीमा **50** शब्द) :

(i) 'कहानी' किसे कहते हैं ? कहानी-रचना के विविध तत्वों का उल्लेख कीजिए।

(ii) कहानी और उपन्यास के अन्तर को समझाइए।

(iii) मन्नू भंडारी की कहानी कला की विशिष्टता को रेखांकित कीजिए।

(iv) 'पानी के सात रंग' कहानी के प्रतिपाद्य को स्पष्ट कीजिए।

(v) 'उसने कहा था' कहानी के परिवेश का चित्रण कीजिए।

(vi) ऐतिहासिक उपन्यास किसे कहते हैं ? किन्हीं **दो** उपन्यासों का नामोल्लेख कीजिए।

(vii) 'एक जमीन अपनी' उपन्यास के भावबोध को स्पष्ट कीजिए।

(viii) 'मधुआ' कहानी के शीर्षक की सार्थकेता सिद्ध कीजिए।

(ix) 'बूढ़ी काकी' कहानी की संवेदना पर प्रकाश डालिए।

(x) बूढ़ी काकी कहानी का लेखक कौन है ?

खण्ड–ब

नोट :– निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर सीमा **200** शब्द) **:**

2. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए **:**

साहब की मूर्छा हटी। लहनासिंह हँसकर बोला–'क्यों लपटन साहब ? मिजाज कैसा है ? आज मैंने बहुत बातें सीखीं। यह सीखा कि सिख सिगरेट पीते हैं। यह सीखा कि जगाधरी के जिले में नील गाएँ होती हैं और उनके दो फुट चार इंच के सींग होते हैं। यह सीखा कि मुसलमान खानसामा मूर्तियों पर जल चढ़ाते हैं और लपटन साहब खोते पर चढ़ते हैं। पर यह तो कहो, ऐसी साफ उर्दू कहाँ से सीख गए। हमारे लपटन साहब बिना 'डेम' के पाँच लफ्ज भी नहीं बोला करते थे।

3. यादवेन्द्र शर्मा चन्द्र के साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डालिए।

4. राजी सेठ की कहानी 'गलत होता गणतंत्र' के संवेदनागत बिन्दुओं पर प्रकाश डालिए।

5. 'चीफ की दावत' कहानी के प्रमुख पात्र 'शामनाथ' का चरित्र–चित्रण कीजिए।

6. 'अज्ञेय' की कहानी कला की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए 'शरणदाता' कहानी के भावबोध को स्पष्ट कीजिए।

7. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"आखिर पाँच बजते–बजते तैयारी मुकम्मल होने लगी। कुर्सियाँ, मेज, तिपाइयाँ, नैपकिन, फूल सब बरामदे में पहुँच गए। ड्रिंक का इन्तजाम बैठक में कर दिया गया। अब घर का फालतू सामान अलमारियों के पीछे और पलंगों के नीचे छिपाया जाने लगा। तभी शामनाथ के सामने सहसा एक अड़चन खड़ी हो गई माँ का क्या होगा ?"

खण्ड–स

नोट :– निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर सीमा **500** शब्द) :

8. उपन्यास के तत्वों के आधार पर 'एक जमीन अपनी' उपन्यास का तात्विक विश्लेषण कीजिए।

9. ''क्या 'चीफ की दावत' कहानी केवल माँ–बेटे की कहानी है अथवा इसमें मूल्य परिवर्तन के भी संकेत हैं।'' विस्तारपूर्वक समझाइए।

10. रांगेय राघव कृत 'घिसटता कम्बल' कहानी का मूल्यांकन करते हुए रांगेय राघव के कथा साहित्य की विशिष्टता पर प्रकाश डालिए।

11. 'हिन्दी उपन्यास का स्वरूप और विकास' पर एक लेख लिखिए।